प्रेषक,

अच्छे लाल गुप्त,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–5, आगरा।

सेवा में,

श्रीमान् महा निबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद

द्वारा श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
आगरा।

महोदय,

सादर निवेदन है कि मैं वर्तमान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर दिनांक 16.04.2019 से कार्यरत हूं। मेरी बड़ी पुत्री आस्था हिन्दू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से बी0ए0 ऑनर्स, अर्थशास्त्र प्रथम श्रेणी (लगभग 90%) में उत्तीर्ण (थी) है और वर्तमान में वह दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में प्रवेश हेतु तैयारी कर रही है। मेरे आगरा में रहने के कारण उसकी शिक्षा व देखभाल ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है। इसलिए मैं दिल्ली के आस–पास स्थित जनपद में स्थानान्तरण चाहता हूं।

महोदय, अप्रैल, 2023 में मेरी सेवनिवृत्ति है और सेवानिवृत्ति के उपरांत मैं गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) अथवा गाजियाबाद में भविष्य में व्यवस्थित होना चाहता हूं। वहाँ पदस्थापन की दशा में मुझे आवासीय प्लॉट/फ्लैट खोजने में सुविधा होगी।

अस्तु, महोदय से विनम्र अनुरोध है कि मेरे प्रार्थना पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए मेरा स्थानान्तरण जनपद आगरा से जनपद गौतम बुद्ध नगर अथवा गाजियाबाद करने के संबंध में आवश्यक आदेश पारित करने की कृपा करें।

सादर।

भवदीय

ALGupta 13/08/2021

(अच्छे लाल गुप्त)
आई0डी0सं0 UP6328
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
न्यायालय संख्या–05, आगरा

दिनांक 13.08.2021

संलग्नक :– मार्कसीट।